>

Title: Need to provide benefits of Pradhan Mantri Awas Yojana and Ayushman Bharat Yojana to all the eligible families-laid.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) : हमारी सरकार ने समाज के दलित, शोषित, पिछड़ों और आर्थिक रूप से विपन्न समुदायों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसी दर्जनों कल्याणकारी योजनाएँ प्रारंभ की है और निश्चित रूप से इसका लाभ करोड़ों गरीब एवं असहाय परिवारों को मिल रहा है तथापि लाखों ऐसे परिवार है जिनका नाम इस सूची में दर्ज नहीं है और लाखों गरीब परिवार आज भी सरकार की इन जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पाने से वंचित है I

जनप्रतिनिधि होने के नाते हमें नियमित रूप से ऐसी शिकायतें मिलती रहती है कि इन योजनाओं का लाभ गरीबी रेखा से नीचे जीवन जी रहे लोगों अथवा सही लाभार्थियों को नहीं मिल रहा है I

मेरी सरकार से मांग है कि जिलेवार पुनः सर्वे कराकर वास्तविक लाभार्थियों को चिन्हित कर इन गरीब परिवारों का नाम लाभार्थियों की सूची में जोड़ा जाए ।